**अति आवश्यक**

प्रेषक

महानिदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
शिक्षा सदन, सैक्टर–5, पंचकूला।

सेवा में

कुलपति,
सभी राज्य विश्वविद्यालय व निजी विश्वविद्यालय।

यादि क्रमांक 1/27–2017 तम (1)
दिनांक, पंचकूला 16.10.2017

विषय : **पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी की कार्यकारी समिति की दिनांक 05.7.2017 को हुई बैठक में लिये गये निर्णय पर कार्यवाही करने बारे।**

''''''

उपरोक्त विषय पर इस विभाग के यादी क्रमांक 1/27–2017 तम (1), दिनांक 09.9.2017 की निरन्तरता में।

मुझे यह निर्देश हुआ है कि दिनांक 05.7.2017 को विषयांकित मामले पर हुई मीटिंग में लिये गये "अच्छे पुरस्कारों के साथ निबंध लेखन व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आयोजन हेतू" निर्णय बारे प्रश्नोत्तरी का प्रारूप आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित करूं।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

उप–निदेशक तालमेल
कृते: महानिदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
पंचकूला।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन से सम्बन्धित प्रश्नावली (उत्तर सहित)

प्रश्न–1 पंडित दीनदयाल जी का पूरा नाम बताइए ?

उत्तर :– पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी।

प्रश्न–2 पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म कब हुआ ?

उत्तर :– 25 सितम्बर 1916

प्रश्न–3 पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म कहाँ हुआ ?

उत्तर :– मथुरा जिला के चंद्रभान गाँव में।

प्रश्न–4 इनके माता–पिता का नाम क्या था ?

उत्तर :– माता रामप्यारी एवं पिता भगवती प्रसाद उपाध्याय।

प्रश्न–5 दीनदयाल जी के भाई का नाम क्या था ?

उत्तर :– शिवदयाल उपाध्याय।

प्रश्न–6 किस आयु में दीनदयाल उपाध्याय जी अनाथ हो गए थे ?

उत्तर :– सात वर्ष की आयु में।

प्रश्न–7 उपाध्याय जी की प्रारंभिक शिक्षा कहाँ हुई ?

उत्तर :– पिलानी और आगरा में।

प्रश्न–8 उपाध्याय जी की महाविद्यालयीन शिक्षा कहाँ पर हुई ?

उत्तर :– प्रयाग, उत्तरप्रदेश में।

प्रश्न–9 दीनदयाल जी राष्ट्रीय स्वयं सेवक में कब सक्रिय हुए ?

उत्तर :– छात्र जीवन से।

प्रश्न–10 दीनदयाल जी ने बी0 एसी0, बी0टी0 करने के बाद भी नौकरी क्यों नहीं की ?

उत्तर :– महाविद्यालय की शिक्षा पूर्ण होने के पश्चात् वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक बन गए थे। इस कारण से उन्होंने नौकरी नहीं की।

प्रश्न–11 1951 में दीनदयाल जी को अखिल भारतीय जनसंघ में क्या दायित्व मिला ?

उत्तर :– महामंत्री का।

प्रश्न–12 महामंत्री पद पर दीनदयाल जी कब तक दायित्व निभात रहे ?

उत्तर :– पन्द्रह वर्षों तक।

प्रश्न–13 दीनदयाल जी अखिल भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष कब निर्वाचित हुए ?

उत्तर :– 1967 में।

प्रश्न–14 दीनदयाल उपाध्याय जी की मृत्यु कब हुई ?

उत्तर :– 10 फरवरी 1968 में।

प्रश्न–15 दीनदयाल जी की मृत्यु कैसे हुई ?

उत्तर :– अनजाने व्यक्तियों द्वारा बेरहमी से हत्या कर दी गई थी।

प्रश्न–16 हत्या किसने और कहाँ की ?

उत्तर :– किसी अनजान व्यक्ति ने रेलयात्रा के दौरान मुगलसराय के पास।

प्रश्न–17 मृत्यु के दौरान उनकी आयु कितनी थी ?

उत्तर :– 52 वर्ष।

प्रश्न–18 पंडित दीनदयाल उपाध्याय में कौन–2 से गुण थे ?

उत्तर :– वे कुशाग्र बुद्धि, सरल व्यक्तित्व, संस्कृतिनिष्ठा, ईमानदार, मेहनती, मधुरभाषी और उच्चकोटि के दार्शनिक थे।

प्रश्न–19 दीनदयाल जी ने कौन सी उच्च परीक्षा पास की ?

उत्तर :– सिविल सेवा परीक्षा।

प्रश्न–20 दीनदयाल जी ने कौन सी पत्रिकाएँ प्रारम्भ की ?

उत्तर :– राष्ट्रधर्म, पांचजन्य, और स्वदेश।

प्रश्न–21 राजनीति में दीनदयाल जी का क्या प्रमुख उद्देश्य था ?

उत्तर :– विशुद्ध भारतीय तत्व–दृष्टि प्रदान करना।

प्रश्न–22 दीनदयाल जी की प्रसिद्ध विख्यात पुस्तक कौन सी थी ?

उत्तर :– एकात्म मानववाद।

प्रश्न–23 एकात्म मानववाद का दर्शन क्या है ?

उत्तर :– सनातन विचारधारा का आधुनिक युग में प्रस्तुतिकरण।

प्रश्न–24 दीनदयाल जी को जनसंघ में किस रूप में देखा जाता था ?

उत्तर :– आर्थिक नीति के रचनाकार के रूप में।

प्रश्न–25 दीनदयाल जी के अनुसार आर्थिक विकास का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

उत्तर :– सामान्य मानव–सुख एवं विचार स्वातंत्र्य।

प्रश्न–26 साम्यवाद, पूंजीवाद, अन्तोदय, सर्वोदय आदि विचारों में दीनदयाल जी सनातन धर्म को श्रेष्ठ क्यों मानते थे ?

उत्तर :– एकमात्र सनातन धर्म द्वारा प्रतिपादित जीवन ही चराचर जगत को सन्तुलित, स्वस्थ व सुंदर बनाकर मनुष्य को पूर्णता की ओर ले जाने की शिक्षा देने वाला होने के कररण वे इसे श्रेष्ठ मानते थे।

प्रश्न–27 दीनदयाल जी के अनुसार सनातन धर्म का दर्शन क्या है ?

उत्तर :– विज्ञान जीवन–कला एवं जीवन–दर्शन।

प्रश्न–28 दीनदयाल जी के अनुसार राजनैतिक जीवनदर्शन का पहला सूत्र क्या है ?

उत्तर :– भारत की संस्कृति में निष्ठा रहने से ही भारत एकात्म रहेगा।

प्रश्न–29 दीनदयाल जी किस भारतीय ध्येय वाक्य को मानते थे ?

उत्तर :– वसुधैव कुटुम्बकम।

प्रश्न–30 दीनदयाल जी श्रेष्ठ चिन्तक होने के साथ–साथ किन विधाओं के धनी थे ?

उत्तर :– वे उच्च स्तर के पत्रकार और लेखक भी थे।

प्रश्न–31 दीनदयाल जी की किस पुस्तक में राष्ट्रीय जीवन के बारे में बताया गया है ?

उत्तर :– राष्ट्र जीवन की दिशा।

प्रश्न–32 किस पुस्तक में मानववाद पर जोर दिया गया है ?

उत्तर :– एकात्म मानववाद।

प्रश्न–33 भारतवर्ष को एकता के सूत्र में बाँधने वाले महापुरूष का वर्णन किस पुस्तक में किया है ?

उत्तर :– जगद्गुरू शंकराचार्य।

प्रश्न–34 किस पुस्तक में राजनीति को राष्ट्र से जोड़कर बताया गया है ?

उत्तर :– सम्राट चन्द्रगुप्त।

प्रश्न–35 दीनदयाल जी ने किस पुस्तक में आर्थिक नीति का वर्णन किया है ?

उत्तर :– भारतीय अर्थनीति का अवमूल्यन।

प्रश्न–36 राजनीति के बारे में किस पुस्तक में उन्होंने विस्तार से लिखा है ?

उत्तर :– राजनीतिक डायरी।

प्रश्न–37 समाज में दीनदयाल उपाध्याय जी को किस रूप में जाना जाता था ?

उत्तर :– प्रसिद्ध दार्शनिक, अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री, इतिहासकार व पत्रकार के रूप में।

प्रश्न–38 पंडित दीनदयाल जी ने किस अधिवेशन में सर्वप्रथम अध्यक्षीय भाषण दिया ?

उत्तर :– कालीकट अधिवेशन में।

प्रश्न–39 दीनदयाल जी के अनुसार भारत की मूलभूत समस्याओं का प्रमुख कारण क्या है ?

उत्तर :– अपनी राष्ट्रीय पहचान की उपेक्षा करना।

प्रश्न–40 दीनदयाल जी के अनुसार किस कारण से लोगों का विश्वास राजनीति से हिला है ?

उत्तर :– अवसरवादिता के कारण।

प्रश्न–41 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्रमेव जयते कार्यक्रम' कब आरम्भ हुआ ?

उत्तर :– 16 अक्तूबर 2016 में।

प्रश्न–42 श्रमेव जयते कार्यक्रम का शुभारंभ किसने किया ?

उत्तर :– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने।

प्रश्न–43 श्रमेव जयते कार्यक्रम में कितनी योजनाओं का शुभारंभ हुआ ?

उत्तर :– पाँच योजनाओं का।

प्रश्न–44 दीनदयाल जी के एकात्म मानववाद के अनुसार मानव की क्या परिभाषा है ?

उत्तर :– मानव केवल आर्थिक प्राणी नहीं अपितु भौतिक, मनोवैज्ञानिक, बौद्धिक व आध्यात्मिक गुणों से परिपूर्ण है।

प्रश्न–45 किस विचारधारा के अनुयायियों ने एकात्म मानववाद की आलोचना की ?

उत्तर :– पूंजीवादियों और वामपंथियों ने।

प्रश्न–46 दीनदयाल जी प्रकृति के गुणों के बारे में क्या विचार रखते थे ?

उत्तर :– वे प्रकृति के गुणों के साथ समरसता के समर्थक थे।

प्रश्न–47 राजनीति क्षेत्र में दीनदयाल जी की क्या पहचान थी ?

उत्तर :– वे गैर–समझौतावादी और कठोर विचार के लिए जाने जाते थे।

प्रश्न–48 दीनदयाल जी ने जौनपुर से चुनाव कब लड़ा था ?

उत्तर :– 1963 में।

प्रश्न–49 जौनपुर चुनाव में दीनदयाल जी की क्या विशेषता रही ?

उत्तर :– दीनदयाल जी ने ब्राह्मण के नाम पर चुनाव लड़ने से मना कर दिया था।

प्रश्न–50 दीनदयाल जी के साथी उनसे क्यों प्रभावित थे ?

उत्तर :– मजबूत विचार एवं राजनीतिक नजरिये के कारण।

प्रश्न–51 दीनदयाल जी ने राजनीतिक पार्टियों के नेताओं को क्या चेतावनी दी थी ?

उत्तर :– राजनीतिक पार्टी कोई ज्वाइंट स्टॉक कंपनी नहीं है।

प्रश्न–52 दीनदयाल जी के अनुसार जनता के विचार कैसे बदलने चाहिए ?

उत्तर :– जनशिक्षा के माध्यम से।

प्रश्न–53 दीनदयाल जी को किसका अवतार माना जाता था ?

उत्तर :– सादगी का।

प्रश्न–54 दीनदयाल जी के व्यक्तित्व का सबसे बड़ा आकर्षण क्या था ?

उत्तर :– जमीनी स्तर पर कार्य और सादगीपूर्ण व्यवहार।

प्रश्न–55 दीनदयाल जी ने जनसंघ को कैसे पहचान दिलवाई ?

उत्तर :– एकात्म मानववाद के माध्यम से।

प्रश्न–56 दीनदयाल जी को रेलयात्रा के दौरान क्रोध क्यों आया ?

उत्तर :– पुलिस के द्वारा महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार पर।

प्रश्न–57 किस महाराजा ने उन्हें स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया ?

उत्तर :– सीकर के महाराजा कल्याण सिंह ने।

प्रश्न–58 महाराजा ने दीनदयाल जी को सम्मानित क्यों किया था ?

उत्तर :– दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में प्रथम आने पर।

प्रश्न–59 दीनदयाल जी ने मास्टर डिग्री किस विषय में की ?

उत्तर :– अंग्रेजी साहित्य में।

प्रश्न–60 दीनदयाल जी का राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से किस कार्यकर्ता के माध्यम से परिचय हुआ ?

उत्तर :– बालूजी महाशब्दे के माध्यम से।

प्रश्न–61 किसने कहा था कि दीनदयाल जी की मौत एक हादसा नहीं बल्कि मर्डर थी ?

उत्तर :– जनसंघ के संस्थापक सदस्य बलराज मधोक ने।

प्रश्न–62 दीनदयाल जी किस बात के पक्षधर थे ?

उत्तर :– वे विभिन्न रूपों में एकता की अभिव्यक्ति की भारतीय सोच के पक्षधर थे।

प्रश्न–63 दीनदयाल उपाध्याय जी की विश्वविख्यात पुस्तक एकात्म मानववाद में कितने पृष्ठ हैं ?

उत्तर :– तीन सौ पृष्ठ।

प्रश्न–64 एकात्म मानववाद में कुल कितने खंड और अध्याय हैं ?

उत्तर :– चार खंड और छत्तीस अध्याय।

प्रश्न–65 पंडित दीनदयाल जी की प्रसिद्ध उक्ति क्या है ?

उत्तर :– जो कमाएगा वो खाएगा, यह ठीक नहीं; जो कमाएगा वो खिलाएगा।

प्रश्न–66 पंडित दीनदयाल जी के अनुसार नैतिकता पर क्या कहा गया है ?

उत्तर :– नैतिकता के सिद्धांतो को कोई एक व्यक्ति नहीं बनाता, बल्कि इनकी खोज की जाती है।

प्रश्न–67 दीनदयाल जी के अनुसार मानवीय ज्ञान क्या है ?

उत्तर :– मानवीय ज्ञान आम संपत्ति है।

प्रश्न–68 दीनदयाल जी के अनुसार आजादी के बारे में क्या कहा गया ?

उत्तर :– आजादी सार्थक तभी हो सकती है, जब यह हमारी संस्कृति की अभिव्यक्ति का साधन बन जाए।

प्रश्न–69 भारतीय संस्कृति के सिद्धांतों के बारे में दीनदयाल जी के विचार क्या थे ?

उत्तर :– मानवीय और राष्ट्रीय दोनों ही तरह से, यह आवश्यक हो गया है कि हम भारतीय संस्कृति के सिद्धांतों के बारे में सोचें।

प्रश्न–70 दीनदयाल जी के अनुसार भारतीय संस्कृति की मूल विशेषता क्या है ?

उत्तर :– भारतीय संस्कृति जीवन को एक एकीकृत रूप में देखती है।

प्रश्न–71 शक्ति के बारे में दीनदयाल जी का क्या कहना था ?

उत्तर :– शक्ति अनर्गल व्यवहार में व्यय न हो बल्कि अच्छी तरह विनियमित कार्य में निहित होनी चाहिए।

प्रश्न–72 संघर्ष को लेकर दीनदयाल जी का क्या कहना था ?

उत्तर :– संघर्ष, सांस्कृतिक स्वभाव का एक संकेत नहीं है बल्कि यह उसकी गिरावट का एक लक्षण है।

प्रश्न–73 मानव प्रकृति के बारे में दीनदयाल जी के क्या विचार थे ?

उत्तर :– मानव प्रकृति में दोनों प्रवृत्तियां रही हैं – एक है क्रोध और लालच तो दूसरी है प्रेम और बलिदान।

प्रश्न–74 दीनदयाल जी के अनुसार भारतीय संस्कृति का सार क्या है ?

उत्तर :– धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष में संतुष्टि ही एकीकृत रूप से भारतीय संस्कृति का सार है।

प्रश्न–75 धर्म के बारे में पंडित दीनदयाल जी की क्या अवधारणा है ?

उत्तर :– धर्म एक ऐसी बहुत ही व्यापक अवधारणा है, जो समाज को बनाए रखने के लिए जीवन के सभी पहलुओं से संबंधित है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी से सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी (MCQ)

प्रश्न–1 दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म कब हुआ ?

उत्तर :– (क) 25 सितम्बर 1915 **(ख) 25 सितम्बर 1916** (ग) 24 सितम्बर 1917 (घ) 25 अक्तूबर 1916

प्रश्न–2 दीनदयाल उपाध्याय जी के पिता का नाम क्या है ?

उत्तर :– **(क) भगवती प्रसाद** (ख) भगवान राम (ग) राम लाल (घ) रामप्रसाद

प्रश्न–3 दीनदयाल जी का जन्म कहाँ हुआ ?

उत्तर :– **(क) मथुरा** (ख) ब्रज (ग) धनकिया (घ) हरियाणा

प्रश्न–4 नवजात शिशु दीनदयाल का पुकारने का नाम क्या रखा गया ?

उत्तर :– (क) दीनू (ख) पप्पू (ग) मुन्ना **(घ) दीना**

प्रश्न–5 दीनदयाल जी का किस आयु में पितृगृह छूट गया ?

उत्तर :– (क) एक वर्ष की अवस्था (ख) 2 वर्ष की अवस्था **(ग) ढाई वर्ष की अवस्था** (घ) 3 वर्ष की अवस्था

प्रश्न–6 दीनदयाल जी के पिता भगवती प्रसाद किस रेलवे स्टेशन पर सहायक पोस्ट मास्टर थे ?

उत्तर :– **(क) जलेसर (एटा, उत्तर प्रदेश)** (ख) अम्बाला छावनी (ग) लखनऊ (घ) आगरा

प्रश्न–7 दीनदयाल जी के प्रपितामह हरीराम उपाध्याय जी किस रूप में विख्यात थे ?

उत्तर :– (क) रेलवे कर्मचारी (ख) खिलाड़ी **(ग) ज्योतिषी** (घ) डॉक्टर

प्रश्न–8 दीनदयाल जी की माता रामप्यारी किस रोग से ग्रस्त हो गई ?

उत्तर :– (क) कैंसर (ख) हृदयरोग **(ग) क्षय रोग** (घ) हैजा

प्रश्न–9 दीनदयाल जी कितने वर्ष के थे, जब उनकी माँ रामप्यारी राम को प्यारी हो गई ?

उत्तर :– (क) 5 वर्ष (ख) 15 वर्ष (ग) 10 वर्ष **(घ) 7 वर्ष**

प्रश्न–10 दीनदयाल उपाध्याय जी के छोटे भाई का नाम क्या था ?

उत्तर :– (क) राम दयाल (ख) कृष्ण दयाल (ग) विष्णु दयाल **(घ) शिव दयाल**

प्रश्न–11 दीनदयाल उपाध्याय जी के छोटे भाई शिवदयाल की मृत्यु कब हुई ?

उत्तर :– (क) 14 नवम्बर 1935 (ख) 11 नवम्बर 1934 **(ग) 18 नवम्बर 1934** (घ) 14 फरवरी 1935

प्रश्न–12 सीकर (राजस्थान) के किस स्कूल से दीनदयाल उपाध्याय जी ने दसवीं की परीक्षा दी ?

उत्तर :– **(क) कल्याण हाई स्कूल** (ख) कल्याण मिडल स्कूल (ग) गवर्नमैंट हाई स्कूल (घ) गवर्नमैंट सीनियर सैकेण्डरी स्कूल

प्रश्न–13 दसवीं कक्षा की समस्त बोर्ड की परीक्षा में सर्वप्रथम रहने पर दीनदयाल उपाध्याय को किस राजा ने स्वर्ण पदक, 10 रुपये माहवार छात्रवृति व पुस्तकों के लिए 250 रुपये की राशि पारितोषिक के रूप में दी ?

उत्तर :– **(क) महाराजा कल्याण सिंह** (ख) महाराजा अग्रसेन (ग) महाराजा हरी सिंह (घ) महाराजा राम सिंह

प्रश्न–14 दीनदयाल उपाध्याय जी ने एम0 ए0 (अंग्रेजी) करने के लिए किस शहर के सेंट जॉन्स कॉलेज में प्रवेश लिया ?

उत्तर :– (क) लखनऊ (ख) इलाहाबाद (ग) सीकर **(घ) आगरा**

प्रश्न–15 पिलानी में कमजोर छात्रों को पढ़ाने के लिए दीनदयाल उपाध्याय जी ने किसकी स्थापना की ?

उत्तर :– (क) टयूशन सैंटर की (ख) स्कूल की (ग) कॉलेज की **(घ) ज़ीरो एसोसिएशन की**

प्रश्न–16 भारतीय जनसंघ के किस प्रथम वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन (कानपुर) में दीनदयाल उपाध्याय जी को राष्ट्रीय महामंत्री (पार्टी के) नियुक्त किया गया ?

उत्तर :– **(क) 29–31 दिसम्बर, 1952** (ख) 27–29 दिसम्बर, 1952 (ग) 27–30 नवम्बर, 1952 (घ) 29–31 दिसम्बर, 1953

प्रश्न–17 दीनदयाल उपाध्याय जी कितने वर्षों तक पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (जनसंघ में इस पद को प्रधानमंत्री भी कहा जाता है) रहे ?

उत्तर :– (क) 20 वर्षों तक (ख) 5 वर्षों तक (ग) 18 वर्षों तक **(घ) 15 वर्षों तक**

प्रश्न–18 दीनदयाल उपाध्याय जी किस वर्ष में जनसंघ के दसवें राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए ?

उत्तर :– (क) 1964 में (ख) 1965 में (ग) 1968 में **(घ) 1967 में**

प्रश्न–19 # 37, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली में एक अस्थाई भवन का निर्माण हुआ था, जिसे माना जा रहा था कि यह 'दीनदयाल उपाध्याय संपूर्ण वाङ्मय' के सम्पादन के लिए ही बना है। यह भवन किस वर्ष बना ?

उत्तर :– (क) 2015 (ख) 2002 **(ग) 2013** (घ) 2017

प्रश्न–20 'एकात्म मानवदर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान' को निकेत किस वर्ष प्राप्त हुआ ?

उत्तर :– **(क) 2013** (ख) 2011 (ग) 1999 (घ) 2001

प्रश्न–21 1996 तक 'दीनदयाल शोध संस्थान' के सचिव कौन रहे ?

उत्तर :– (क) प्रो0 देवेन्द्र स्वरूप **(ख) डॉ0 महेश चन्द्र शर्मा** (ग) डॉ0 वेद मित्र शुक्ल (घ) डॉ0 राजीव रंजन गिरि

प्रश्न–22 सर्वप्रथम दीनदयाल उपाध्याय संपूर्ण वाङ्मय का सम्पादन किस भाषा में हुआ ?

उत्तर :– (क) अंग्रेजी **(ख) कन्नड़** (ग) हिन्दी (घ) मराठी

प्रश्न–23 जब भारतीय जनसंघ के नेतृत्व का भार दीनदयाल उपाध्याय जी के कंधों पर आया तब वे कितने वर्ष के थे ?

उत्तर :– (क) 40 वर्ष (ख) 22 वर्ष **(ग) 37 वर्ष** (घ) 50 वर्ष

प्रश्न–24 दीनदयाल उपाध्याय जी ने भारतीय जनसंघ के महामंत्री होने का दायित्व कब तक संभाला ?

उत्तर :– (क) 1940–1945 **(ख) 1952–1967** (ग) 1950–1960 (घ) 1951–1968

प्रश्न–25 दीनदयाल उपाध्याय जी को जनसंघ ने किस वर्ष में अपना अध्यक्ष चुना ?

उत्तर :– (क) 1950 (ख) 1960 **(ग) 1967** (घ) 1965

प्रश्न–26 दीनदयाल उपाध्याय जी कितने दिन भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष रहे ?

उत्तर :– (क) 20 दिन (ख) 40 दिन (ग) 66 दिन **(घ) 44 दिन**

प्रश्न–27 दीनदयाल उपाध्याय जी ने अपने विचारों को 'एकात्म मानववाद' नाम से परिपक्वन कब दिया ?

उत्तर :– (क) 1960–62 **(ख) 1964–65** (ग) 1950–52 (घ) 1948–53

प्रश्न–28 एकात्म मानववाद का पचासवाँ वर्ष कौन सा था ?

उत्तर :– (क) 2012–13 **(ख) 2014–15** (ग) 2016–17 (घ) 2001–02

प्रश्न–29 1968 में किस दिन मध्यरात्रि को दीनदयाल उपाध्याय जी की रहस्यमय हत्या हो गई ?

उत्तर :– (क) 14 फरवरी (ख) 26 जनवरी **(ग) 10 फरवरी** (घ) 15 फरवरी

प्रश्न–30 दीनदयाल उपाध्याय जब बी0ए0 की पढ़ाई कर रहे थे, तब उन्होंने कौन–सा रास्ता चुना ?

उत्तर :– (क) वे कांग्रेस के कार्यकर्ता हो जाएँ (ख) हिन्दु महासभा में सक्रिय हों
**(ग) राष्ट्रीयता के बड़े प्रश्न का उत्तर खोजने के लिए स्वाध्यायी परिव्राजक हो जाएँ**
(घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न–31 कोटा के एक स्कूल में दीनदयाल उपाध्याय जी का प्रवेश कब हुआ ?

उत्तर :– **(क) 12 जून 1929** (ख) 1 अप्रैल 1929 (ग) 31 मार्च 1929 (घ) 1 जून 1930

प्रश्न–32 दीनदयाल उपाध्याय जी ने दसवीं कक्षा कहाँ से उत्तीर्ण की ?

उत्तर :– (क) आगरा (ख) इलाहाबाद **(ग) सीकर** (घ) गंगापुर

प्रश्न–33 दीनदयाल उपाध्याय जी ने इंटरमीडिएट की परीक्षा कब पास की ?

उत्तर :– (क) 1940 में (ख) 1938 में **(ग) 1936 में** (घ) 1937 में

प्रश्न–34 1936 में बी0ए0 की पढ़ाई के लिए दीनदयाल उपाध्याय जी कहाँ गए ?

उत्तर :– (क) रामपुर (ख) गंगापुर (ग) इलाहबाद **(घ) कानपुर**

प्रश्न–35 एम0ए0 अंग्रेजी की पढ़ाई के लिए दीनदयाल उपाध्याय जी कहाँ गए ?

उत्तर :– (क) इलाहाबाद (ख) सवाई माधोपुर (ग) अम्बाला **(घ) आगरा**

प्रश्न–36 1941 में 25 वर्ष की अवस्था में बी0टी0 करने के लिए दीनदयाल उपाध्याय जी कहाँ गए ?

उत्तर :– (क) गंगापुर (ख) आगरा **(ग) इलाहाबाद** (घ) कानपुर

प्रश्न–37 कक्षा 5 से 7 की पढ़ाई कोटा में करने के बाद वे आठवीं कक्षा के लिए कहाँ गए ?

उत्तरः– (क) **राजगढ़** (ख) रामगढ़ (ग) कानपुर (घ) आगरा

प्रश्न–38 दीनदयाल उपाध्याय जब बी0ए0 की पढ़ाई के लिए कानपुर गए, तब अपने किस सहपाठी के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आए ?

उत्तर :– (क) **बालू जी महाशब्दे** (ख) राधारमण (ग) शिवदयाल (घ) नारायण शुक्ल